### कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुलिस गुमशुदा की खोजबीन जारी रखे

# हाईकोर्ट ने कहा: गुमशुदा किसी से संपर्क करने को तैयार नहीं, 140 करोड़ आबादी में खोज करना मुश्किल

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि इतने बड़े देश में, जहाँ कोई गुमशुदा व्यक्ति अपने माता-पिता या रिश्तेदार से संपर्क करने को तैयार नहीं है, वहाँ 140 करोड़ लोगों की आबादी में उसकी खोज करना बहुत मुश्किल है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी स्थिति में याचिका को बार-बार सूचीबद्ध करना और पुलिस से रिपोर्ट मंगवाने का कोई उद्देश्य नहीं है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का अंतिम निराकरण कर दिया । कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुलिस गुमशुदा की खोजबीन जारी रखे।

सतना के अजय शुक्ला की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 5 जनवरी 2025 को सुरेन्द्र तिवारी और हिरओम मिश्रा याचिकाकर्ता के नाबालिग पुत्र को मैहर ले गए थे। उसके बाद से वह नहीं लौटा। अगले दिन याचिकाकर्ता पिता ने नयागांव



पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने इस मामले में 4 बार रिपोर्ट पेश की। कोर्ट को बताया गया कि पुलिस ने गुमशुदा का पता लगाने के लिए पूरी कोशिश की है। पुलिस ने गुमशुदा को ढूंढने वाले को 5 हजार रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। इसके अलावा प्रचार माध्यमों के जरिए भी खोजबीन की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## सागर के बहुचर्चित नीलेश आदिवासी आत्महत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश

**जबलपुर**। सुप्रीम कोर्ट ने सागर के मालथोन के बहुचर्चित नीलेश आदिवासी आत्महत्या के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉयमाला बागची की खंडपीठ ने मप्र के डीजीपी को 2 दिन के भीतर तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। एसआईटी एक माह के भीतर जांच पूरी कर सक्षम कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी। वहीं कोर्ट ने भाजपा कार्यकर्ता गोविंद सिंह राजपूत की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उन्हें एसआईटी को जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए। दरअसल, मप्र हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत निरस्त होने पर गोविंद ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन पेश किया था। गोविंद की ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे ने दलील दी कि पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के साथियों ने नीलेश को शराब पिलाकर मालथोन थाने ले गए। वहां पूर्व मंत्री का फोन आया और एसआई ने नीलेश से हस्ताक्षर करवा कर गोविंद सिंह राजपूत के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाई। होश आने पर गोविंद ने एसपी को आवेदन देकर यह स्वीकार किया कि पूर्व मंत्री के दबाव में उससे झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई है। आरोप है कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों के लगातार टॉर्चर करने के कारण नीलेश ने 25 जुलाई 2025 को अपनी पत्नी रेवा आदिवासी के सामने आत्महत्या कर ली थी। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज की गई। इसमें गोविंद सिंह राजपूत को भी आरोपी बनाया गया। दलील दी गई कि पूर्व मंत्री को बचाने के लिए ऐसा किया गया। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाईकोर्ट को भी लंबित याचिका का जल्द निराकरण करने कहा है।

### बगलामुखी सिद्ध पीठ में पौष मास पर सहस्त्रार्चन, भक्तिमय वातावरण

# सूर्योपासना से दूर होते हैं समस्त रोग: ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पौष मास के पावन अवसर पर चल रही सूर्योपासना के क्रम में शुक्रवार को भगवान सूर्यनारायण का गुलाब पुष्पों द्वारा सहस्त्रार्चन वैदिक विधि से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज ने सूर्य आराधना के महत्व पर प्रवचन देते हुए कहा कि सूर्य भगवान समस्त रोगों का निवारण करने वाले देवता हैं।

### सूर्योपासना से मिलता है स्वस्थ और तेजस्वी जीवन

ब्रह्मचारी जी ने कहा कि शास्त्रों में सूर्य को आरोग्य का देवता माना गया है। सांस्कृतिक साहित्य में वर्णित मयूर कवि का कुष्ठ रोग भी सूर्य आराधना से ही दूर हुआ, यह उदाहरण बताता है कि सूर्य उपासना मानव जीवन के शारीरिक व मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत में सूर्य भगवान पंचायतन उपासना के प्रमुख देवों में शामिल हैं क्योंकि वे प्रत्यक्ष रूप से हमारे बीच विद्यमान रहते हैं और हम उनके तेजस्वी रूप के साक्षात दर्शन करते हैं।

### गुलाब पुष्पों के सहस्त्रार्चन से सिद्ध होती हैं कामनाएं

ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द जी ने बताया कि पौष मास में सूर्य



अर्चन विशेष फलदायी माना गया है। अर्घ्यदान, पूजन और गुलाब पुष्पों के सहस्त्रार्चन से जीवन की समस्त शुभ कामनाएँ पूर्ण होती हैं, तथा साधक के जीवन में शक्ति, बुद्धि और स्वास्थ्य का वास होता है।

### भक्तों की उपस्थिति से भक्ति वातावरण मंगलमय

पूजन में मधु यादव, एड. ज्ञान त्रिपाठी, संजय मिश्रा, प्रीति साहू, प्रीति अग्रवाल, गोविंद साहू, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

### संत रामपाल महाराज के अनुयायी ने पेश की मानवता की अद्वितीय मिसाल

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्पन्न हुआ देहदान

**जबलपुर**। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में बुधवार 025 का दिन मानवता और निस्वार्थ सेवा की अनूठी मिसाल का साक्षी बना। संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी बेलन चौधरी का पार्थिव शरीर देहदान की प्रक्रिया के माध्यम से कॉलेज को सौंपा गया। यह निर्णय उनके परिवार पत्नी धम्मो चौधरी और पुत्र प्यारे लाल चौधरी ने उनकी जीवनकाल में व्यक्त की गई इच्छा का सम्मान करते हुए पूरा किया।

परिजनों ने बताया कि बेलन चौधरी समाजसेवा और मानवकल्याण में गहरी आस्था रखते थे। उन्होंने जीवनकाल में ही देहदान की इच्छा जताई थी, ताकि



भविष्य के डॉक्टरों के प्रशिक्षण और शोध कार्य में उनका शरीर उपयोगी साबित हो सके। परिवार ने कहा उनका मानना था कि मृत्यु के बाद भी यदि किसी के काम आया जाए, तो यही सबसे बड़ा मानवधर्म है। देहदान प्रक्रिया का नेतृत्व एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. एन.एल. अग्रवाल और डॉ. राजेंद्र कुशवाहा ने किया। देहदान के दौरान मध्यप्रदेश प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी, फैकल्टी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगरीय निकायों के अंतर्गत अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन की समीक्षा की गई। जिसमें जिले के सभी नगरीय निकायों के एक-एक कर विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान पार्क, वॉटर बॉडी, ओव्हर हेड टेंक आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपचारित जल प्रबंधन के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में पाटन विधायक श्री अजय विश्नोई, पनागर विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु तथा नगर परिषद और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### दृष्टिबाधित वर-वधु दाम्पत्य बंधन में बंधे

**जबलपुर**। दृष्टिबाधित शिवानी बंसल एवं नीरज बंसल का विवाह जबलपुर के सेवाभावी गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं के सहयोग एवं उत्साहपूर्वक उपस्थिति में संपन्न हुआ। भावी जीवन में उपयोगी सामग्री प्रदान कर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया गया। बताया गया दृष्टिबाधित वर नीरज बंसल भिण्ड (मप्र) से बारात लेकर आये। विवाह समारोह को संपन्न कराने में रोटरी क्लब (ग्रेटर) निर्मल चोपड़ा एवं परिवार, नीरज वर्मा, रंजीत पटेल, श्रीनिवास परांजपे, नितिन नेगांधी, राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ के पदाधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार, संरक्षक एसके तारे, सदस्य डॉ. ज्योति खरे एवं राज इवेंट्स का सहयोग प्राप्त हुआ।

### सस्ते कोयले से लागत घटी फिर भी बिजली रेट बढ़ाने को प्रस्तावित क्यों किया?

# बिजली रेट बढ़ाने की याचिका सार्वजनिक नहीं कर उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखा गया

**जबलपुर**। पावर मैनेजमेंट कंपनी तथा वितरण कंपनियों ने बिजली के रेट बढ़ाने के संबंध में नियामक आयोग के समक्ष याचिका (पिटीशन नं. 140/2025) दायर की है, जिस पर 09 दिसम्बर को सुनवाई हुई है, किन्तु इस याचिका को अभी तक सार्वजनिक नहीं कर उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखा गया। बताया गयास 22 सितम्बर को जीएसटी 2.0 तथा कोयले से 400 रुपये प्रतिटन कम्पेनसेशन सेस हटाने की कार्यवाही की गई, सेस हटाने से बिजली उत्पादन लागत घटी। ऐसे में बिजली सस्ती होना चाहिए थी, किन्तु इसी के उलट बिजली के रेट बढ़ाने को प्रस्तावित किया गया है। इससे आक्रोशित होकर 12 दिसम्बर को जन संगठनों ने घंटाघर के पास प्रदर्शन किया तथा जिला प्रशाासन के माध्यम से अध्यक्ष, मप्र विद्युत नियामक आयोग तथा ऊर्जा मंत्री पीएस तोमर के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठनों ने आरोप लगाया कि ऊर्जा मंत्री पीएस तोमर ने पत्रकारों के समक्ष घोषणा की थी कि जीएसटी तथा कोयले पर सेस घटाने का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा तथा



बिजली सस्ती की जाएगी, किन्तु बिजली के रेट बढ़ाने को प्रस्तावित करने से ऊर्जा मंत्री की घोषणा गलत साबित हो रही है। प्रदर्शन में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, वीएन कमलाकर, केसी सोनी, अर्जुन कुमार परोरा, दिलीप कुंडे, उमा दाहिया, यशवंत कोष्टा, एड. बृजेश साहू तथा राममिलन शर्मा आदि शामिल थे।

# युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**जबलपुर**। कस्तूरबा गांधी ब्लॉक की युवा कांग्रेस की बैठक शुक्रवार को आज़ाद पैलेस बोर्डिंग, जैन मंदिर मालवीय चौक में आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक और वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सदस्यता अभियान, डिजिटल कनेक्ट और स्थानीय मुद्दों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह हुआ कि 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित 'वोट चोरी विरोध रैली' में कस्तूरबा गांधी ब्लॉक से 500 कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सतेंद्र कुकरेले, विधानसभा उपाध्यक्ष अभ्युत बाजपेयी और ब्लॉक अध्यक्ष समीर गढ़वाल ने युवाओं को आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

बैठक आयोजन का युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले, विधानसभा उपाध्यक्ष अभ्युत बाजपेयी, और ब्लॉक अध्यक्ष



समीर गढ़वाल द्वारा किया गया। तीनों पदाधिकारियों ने बैठक में मौजूद युवा साथियों को आगामी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। बैठक में शिशिर नन्होरिया, कपिल भोजक, चंदन श्रीवास्तव,भानु यादव, बसंत ठाकुर, शिशांत सिंह ठाकुर, रिंकू बदलनी, अरशद अली, मोहित गांधी घनघोरिया, रंबल विश्वकर्मा, बादल पंजवानी, राशुल अग्रवाल, पंकज पटेल, रूपेश अवस्थी, रोहित यादव, नीटू जैन, शादाब अली, आशीष सावले, आदेश चौबे, अरुण पावर, नवल केसरवानी, सत्यम तिवारी, शिवम यादव, महेश यादव, अरविंद पंडित, नयन गुप्ता, प्रियांश अग्निहोत्री, अजय सिंह, नरेश चौधरी, पवन चौकसे, विवेक श्रीवास्तव, हर्ष अग्रवाल, हिमेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अनुज ठाकुर, राज यादव, अमित महाराज दुबे, राहुल चौधरी, लाला तिवारी, सागर राय, गौरव सोनी आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग यात्रियों की बेहतर सेवा हेतु रेल मंडल संकल्पित

**जबलपुर**। शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए जबलपुर रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में, इस वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 09 दिसंबर 2025 के मध्य कुल 1171 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। केवल नवंबर माह में ही मंडल द्वारा 113 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड बनाए गए हैं। इन रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ, नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

# बिजली की मांग 19000 मेगावाट के शीर्ष पर पहुंची

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश के ऊर्जा सचिव व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने आज शक्तिभवन में पावर मैनेजमेंट कंपनी के कन्ट्रोल रूम का सुबह 11 बजे जिस वक्त निरीक्षण कर रहे थे उसी समय मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधकि बिजली की मांग 19113 मेगावाट दर्ज हुई। मध्यप्रदेश में बिजली की मांग पहली बार 19000 मेगावाट की शीर्ष मांग पर पहुंची है। ऊर्जा सचिव ने कन्ट्रोल रूम में रियल टाइम में बिजली की मांग और उसकी शतप्रतिशत सप्लाई को मॉनीटर पर देखा। पीएमसी एमडी विशेष गढ़पाले ने भविष्य में बिजली की मांग 20 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए निर्देश दिया कि बिजली की इस प्रकार शेड्यूलिंग की जाए जिससे कि ऐसी स्थिति में प्रदेश में शतप्रतिशत बिजली की सप्लाई संभव हो। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक पीके जैन व मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित अभयिंता उपस्थित थे।

पीएमसी के एमडी विशेष गढ़पाले ने कन्ट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण करते हुए प्रत्येक बिन्दु का विश्लेषण किया। उन्होंने मेरिट आर्डर सिद्धांत के आधार पर किस प्रकार बिजली की शेड्यूलिंग की जाती है उसे प्रत्यक्ष तौर पर देखा। ऊर्जा सचिव ने रियल टाइम में पावर मैनेजमेंट की कार्यपणाली को देख कर उचित निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनी में हो रही विद्युत सप्लाई को मॉनीटर पर अवलोकन किया।



# साउथ एवेन्यू बुक फेयर: '615 पूर्वांचल हॉस्टल' बनी दर्शकों की पहली पसंद

### बुक फेयर में हिंदी साहित्य और लोकप्रिय किताबों के प्रति दिखा रुझान

**जबलपुर**। साउथ एवेन्यू मॉल, ग्वारीघाट रोड में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित विशेष बुक फेयर आज से शुरू हो गया। जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा रचित पुस्तक '615 पूर्वांचल हॉस्टल' की दर्शकों में खूब मांग रही। मेले में उपन्यास, जीवनी, यात्रा-वृत्तांत, इंग्लिश लिटरेचर, काव्य-संग्रह और बाल पुस्तकें सहित विभिन्न गैर-शैक्षणिक किताबों का बड़ा संग्रह उपलब्ध है। दिव्य प्रकाश दुबे और स्वप्निल पांडे जैसी लोकप्रिय पुस्तकों को भी पाठकों ने खास पसंद किया। पहले दिन फिक्शन और हिंदी साहित्य की किताबों को विशेष सराहना मिली। पाठक किताबें खरीदने के साथ-साथ किफायती दरों पर किराए पर भी ले सकते हैं। यह तीन दिवसीय मेले शहरवासियों के लिए ज्ञान और मनोरंजन का आकर्षक केंद्र साबित हो रहा है।


# जल प्रदाय योजना का किया निरीक्षण

**जबलपुर**। जबलपुर समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत ने विकासखंड शहपुरा के ग्राम धरमपुरा का दौरा किया। यह योजना म.प्र. जल निगम के अंतर्गत 1098.57 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से क्रियान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने धरमपुरा में निर्माणाधीन इंटेकवेल कम पंप हाउस और 95 एम.एल.डी. क्षमता के महत्वाकांक्षी जल शोधन संयंत्र के कार्यों का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा में परियोजना को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। महाप्रबंधक जल निगम श्री संजय वाधवा ने बताया कि इस योजना से जबलपुर जिले के 848 ग्रामों को जल प्रदाय किया जाएगा। वर्तमान में योजनांतर्गत विगत 2 वर्षों में 274 टंकियों का निर्माण प्रारंभ किया गया है और 2012 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया है।

# जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन की धूम

- चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस को मिला मुरारी बापू का सानिध्य
- संत मुरारी बापू ने किया चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के कॉन्सेप्ट पेपर का विमोचन

हरिभूमि जबलपुर।



चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को संत मुरारी बापू ने सम्मेलन के कॉन्सेप्ट पेपर का औपचारिक विमोचन किया। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई ने बापू को आयोजन की रूपरेखा एवं देश–विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडलों की जानकारी दी। मुरारी बापू ने सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ और आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वे पूर्व में भी इस भव्य आयोजन में शामिल हो चुके हैं। विमोचन कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश गुमाश्ता और कवि सुदीप भोला उपस्थित रहे।

### युवा कार्यक्रमों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत युवाओं को जोड़ने हेतु (युवा रामायण राजदूत कार्यक्रम) का आयोजन शहर के विभिन्न कॉलेजों में किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक नेहा दवे और मोहन चक्रवेश,अनुश्री गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को ज्ञान गंगा कॉलेज में आयोजन किया गया, जबकि इससे पहले श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज, नवयुग कॉलेज, आईटीआई, जेईसी सहित लगभग 15 कॉलेजों में प्रतियोगिताएँ संपन्न हो चुकी हैं। स्कूल स्तर पर रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। संयोजक रामजी अग्रवाल और रत्नेश मिश्रा,आशुतोष तिवारी के अनुसार तैयारी पूरी हो चुकी है।

### सुंदरकांड पाठों से गूँज रहा शहर

सम्मेलन की सफलता के लिए शहर, ग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों में बड़े स्तर पर सुंदरकांड पाठ आयोजित किए जा रहे हैं। पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी,पंडित अशोक मनोध्याय और विनोद दुबे ने बताया कि अब तक लगभग 15,000 सुंदरकांड पाठ हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 90 पंचायतों में भी यह आयोजन किया गया है। आयोजन अध्यक्ष अजय विश्नोई के मार्गदर्शन में लगातार बैठकों का दौर जारी है।इसके लिए लगभग 59 हब कमेटियों का गठन कर लिया गया है।सभी सब कमेटियाँ लगातार बैठकें कर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर रही हैं और एक सप्ताह में कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। 28 दिसंबर को IGNCA द्वारा आयोजित रामायण एग्जिबिशन का उद्घाटन होगा।

इस चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में मॉरीशस और थाईलैंड से बड़ा प्रतिनिधिमंडल जबलपुर पहुँचेगा इसके साथ ही अमेरिका, केनेडा,सिंगापुर, बंगलादेश, श्रीलंका, नेपाल, फीजी, इंग्लैंड, स्वीजरलैंड से भी रामायण के विद्वान फधार रहे है। जिससे यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी महत्वपूर्ण हो जाएगा।

# किसानों ने दिन में बिजली देने की मांग को लेकर विद्युत कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



**पाटन।** भारत कृषक समाज के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में किसानों और कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पाटन कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने रात में मिलने वाली बिजली पर आपत्ति जताई और सिंचाई हेतु दिन में बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए विद्युत मंडल का घेराव किया। सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस बल मौके पर पहुँचा। इस दौरान किसानों ने विद्युत मंडल के डी.ई. नवनीत राठौर से चर्चा कर अपनी समस्याएँ रखीं। राठौर ने आश्वस्त किया कि किसानों को 8 घंटे दिन में बिजली तथा अतिरिक्त 2 घंटे शाम 8 बजे तक बिजली उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था लागू नहीं की गई तो वे पुनः उग्र आंदोलन करेंगे, घेराव व तालाबंदी कर अधिकारियों–कर्मचारियों को दफ्तर में बैठने नहीं देंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश दुबे, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, बलदेव सिंह ठाकुर, तान सिंह ठाकुर, अभिषेक भारद्वाज, संदीप गुरु, विशाल सिंह ठाकुर, आकाश पटेल, बृजेश पटेल, सुनील सेन, शुभम पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भगवान भरोसे चल रहा जनपद शिक्षा केंद्र पाटन

**पाटन।** जनपद शिक्षा केंद्र पाटन इन दिनों स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। यहाँ बीआरसी, बीएसी और जनशिक्षक के कई पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण विभागीय कार्यवाही, निरीक्षण और शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में पूरा जनपद शिक्षा केंद्र मात्र प्रभारी व्यवस्था के सहारे चल रहा है। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा इन पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन तो जारी किए गए, पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पाटन विकासखंड में 5 बीएसी और 7 जनशिक्षक के पद खाली होने से शिक्षा संबंधी गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। स्थानीय स्त्रोतों के अनुसार प्रभावशाली व्यक्तियों के हस्तक्षेप के कारण भर्ती प्रक्रिया ठंडे बस्ते में पड़ी है। पूर्व में भी यह कार्यालय अपने कार्य-संचालन को लेकर चर्चा में रहा है। आरोप है कि यहाँ पदस्थ कुछ कर्मचारी सिर्फ मौज-मस्ती और यात्रा भत्ता बनाने में रुचि लेते हैं, जबकि वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर ध्यान नहीं दे रहे।

# जल संचय अभियानः करदही नदी में बोरी बंधान, दिया जल संरक्षण का संदेश



**पनागर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के आव्हान पर म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशन में ग्राम मोहनिया डूडी (सेक्टर–2) में जल संचय अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभाग समन्वयक रवि बर्मन व जिला समन्वयक धनश्याम रायपुरिया की उपस्थिति में नवांकुर संस्था एवं वसुंधरा सामाजिक सेवा समिति ने करदही नदी में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान से किए गए इस कार्य का उद्देश्य भूमि की नमी बढ़ाना, भूजल स्तर में सुधार, तथा पशु–पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराना रहा। नदी तट पर आम और जामुन के पौधों का रोपण कर मिट्टी कटाव रोकने की पहल भी की गई। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने जल संरक्षण विषय पर लोकगीत प्रस्तुत कर जागरूकता बढ़ाई। प्रस्फुटन समिति पिपरिया के सदस्य, एमएसडब्ल्यू–बीएसडब्ल्यू के छात्र तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण इस अभियान में शामिल हुए। विशेष योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया गया।

# 23 साल बाद भी मझौली को नहीं मिला पूर्ण तहसील का दर्जा, लोगों में नाराजगी

**मझौली।** शासन द्वारा वर्ष 2002 में मझौली को पूर्ण तहसील एवं सिविल न्यायालय की घोषणा किए जाने के बावजूद आज 23 वर्ष बाद भी मझौली को उसका दर्जा नहीं मिल सका है। यहां अब तक अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) पदस्थ नहीं हुआ, जबकि इसके बाद बनी कई तहसीलों को पूर्ण तहसील का दर्जा दे दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। जबलपुर जिले की सबसे बड़ी तहसील मझौली, जिसमें 90 ग्राम पंचायतें आती हैं, प्रशासन की उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। कृषि कार्य, राजस्व प्रकरण, न्यायालयीन कार्य एवं अन्य प्रशासनिक आवश्यकताओं हेतु किसानों और आम नागरिकों को आज भी सिहोरा या जबलपुर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। इसी समस्या को लेकर अधिवक्ता संघ मझौली तथा स्थानीय नागरिकों ने मझौली तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि मझौली में शीघ्र अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं सिविल न्यायालय प्रारंभ किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि पोड़ा, कटंगी, मझौली, पाटन क्षेत्र का मुख्य केंद्र मझौली होने के कारण इसे जिला का दर्जा भी दिया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एन.डी. भट्ट, सुनील नामदेव, सुनील गर्ग, अरविंद कोस्टा, रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# जश्न-ए-गरीब नवाज़ में सूफ़ियाना कलाम से सजी महफ़िल



**जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा स्थित मुजावर मोहल्ला, क़ादरी नगर में जश्न-ए-गरीब नवाज़ का परंपरागत अंदाज़ में एहतेमाम किया गया। कार्यक्रम की सदारत सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी ने फ़रमाई। आयोजन के तहत हुई महफ़िल-ए-समा में क़व्वाल हज़रात ने एक से बढ़कर एक सूफ़ियाना कलाम पेश किए। रुहानी कलाम सुनकर महफ़िल में मौजूद अकीदतमंदों ने क़व्वाल हज़रात पर दिल खोलकर नज़राने पेश किए। जश्न में सूफ़ी अशर चिश्ती साबरी, अमित बाबा, शाहबाज़ खान, वरुण साहनी, समीर बाबा, बिक्की स्वामी, नियाज़ मंसूरी, इनायत कादरी, रोशन कादरी, एजाज कादरी (शनि) आहान खान सहित सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत कर कौमी एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन, तरक्क़ी और खुशहाली के लिए ख़ास दुआ की गई।

## महात्मा गांधी ग्रुप के 25वें वार्षिकोत्सव में अतिथियों ने रखे विचार

# "शिक्षा से बनेगा बच्चों और देश का उज्ज्वल भविष्य"




**जबलपुर।** महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के 25वें वार्षिक समारोह का आयोजन मानस भवन में गरिमामय वातावरण में किया गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्व. राजू वर्मा द्वारा 25 वर्ष पूर्व स्थापित इस संस्थान ने समर्पण और श्रम के बल पर आज उल्लेखनीय विस्तार प्राप्त किया है, जहाँ सैकड़ों विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी विषयों का अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगत बहादुर अन्नू, विशिष्ट अतिथि विधायक लखन घनघोरिया, पं. सुशील तिवारी, यश रोहाणी, रिंकू विज, तथा डॉ. आनंद चतुर्वेदी, डॉ. आयशा अली, अनुरुद्ध विश्नोई, निवेदिता पॉल, रैना तिवारी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. झूमा वर्मा ने की। मंच संचालन भारती साहा और अमिताभ राव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यार्थियों द्वारा गीत–संगीत, नृत्य, रेम्प वॉक सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। शिक्षकों ने भी मंच पर आकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। संस्था प्रमुख, निदेशक एवं प्रबंधन टीम का स्वागत महाविद्यालयों के प्राचार्यों डॉ. देवडिया, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, रश्मि शर्मा, डॉ. ज्योति जुडा, और डॉ. अंशुवेन्द्र जायसवाल ने किया।

# सिहोरा–खितौला पाँचवें दिन भी बंद, जिला आंदोलन हुआ तेज़



**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे सर्वदलीय आंदोलन ने गति पकड़ ली है। लगातार पाँचवें दिन सिहोरा–खितौला बंद रहा, जिससे व्यापार पूरी तरह ठप है और सरकार को बड़े राजस्व नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू का आमरण अनशन सातवें दिन भी जारी है। शुक्रवार को पुराने बस स्टैंड पर दूसरा जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठा। आंदोलनकारियों का कहना है कि अब आश्वासन नहीं, सिर्फ जिला का दर्जा स्वीकार होगा। काल भैरव चौक पर विभिन्न समाजों की महिलाओं ने अनशनकारी के स्वास्थ्य और सरकार को सद्बुद्धि के लिए भक्तामर पाठ और नमोकार मंत्र का आयोजन किया। आंदोलन के कारण आंतरिक परिवहन, बस सेवाएँ व दैनिक आवश्यकताओं की खरीद प्रभावित है। लोग दूरदराज से शहर तक पहुँचने में परेशान हो रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत आंदोलन स्थल पहुँचे और उपमुख्यमंत्री से वार्ता कराने का आश्वासन दिया, पर जनता ने साफ कहा— "अब टालमटोल नहीं, जिला से कम कुछ मंजूर नहीं।" व्यापारियों की बैठक में आगे भी बंद जारी रखने का निर्णय लिया गया। अनशनकारी प्रमोद साहू ने अस्पताल में उपचार न लेने और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की।

## निधन




**श्री राम लाल सिंह-** कचनार क्लब विजयनगर निवासी श्री राम लाल सिंह (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बलवंत कौर खनूजा-** नेपियर टाउन निवासी श्री बुद्ध सिंह खनूजा की धर्मपत्नी श्रीमती बलवंत कौर खनूजा (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश मणि तिवारी-** तिलहरी निवासी श्री सुरेश मणि तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला साहू-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री राजाराम साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई साहू (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई-** पुरानी बस्ती पोलीपाथर गौरीघाट निवासी श्री लक्ष्मीकांत की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूक्मणी मल्लाह-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री बेनी प्रसाद मल्लाह की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी मल्लाह (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई बेन-** टीवी टावर के पास कटंगा केंट निवासी श्री कनकन बेन की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई बेन (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बलवीर कौर-** राजुल टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री अजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती बलवीर कौर (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बारे लाल नागरे-** रांझी गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री बारे लाल नागरे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई ठाकुर-** सिद्ध नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मोहन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पलता यादव-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री बलराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता यादव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिमरन रैकवार-** खटीक मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री दीपक रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती सिमरन रैकवार (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुगंती पिंजारे-** सन सिटी कॉलोनी पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री रामपत पिंजारे की धर्मपत्नी रमती सुगंती पिंजारे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली गुप्ता-** रांझी चंद्रशेखर वार्ड निवासी श्रीमती रामकली गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई गढ़ेवाल-** शिवाजी नगर छापर रामपुर निवासी श्री जगदीश गढ़ेवाल की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई गढ़ेवाल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास पासी-** संजय गांधी नगर बुचड़ी सदर निवासी श्री गोविंद बहादुर पासी के पुत्र श्री विकास पासी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री उमेश रैदास-** शारदा नगर करमेता निवासी श्री पुन्ना लाल रैदास के पुत्र श्री उमेश रैदास (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्षित सेठी-** सीएल 34, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री मनीष सेठी के पुत्र श्री हर्षित सेठी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सीएल सिंह-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री सीएल सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# पंचवटी रेस्ट हाउस में जेसीबी से अवैध खुदाई प्राकृतिक सुंदरता पर मंडराया खतरा



**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट के पंचवटी क्षेत्र में रेस्ट हाउस क्रमांक–1 के पास जेसीबी से अवैध खुदाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में कमरा निर्माण का कार्य कर रहा है, पर आरोप है कि नर्मदा तट से 300 मीटर की परिधि में खुदाई पर हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का पालन नहीं किया जा रहा। नर्मदा संरक्षण से जुड़े आदेश क्रमांक 10561/2019 के बावजूद जेसीबी संचालन से संगमरमर की चट्टानों को नुकसान पहुँचने और इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शासकीय विभाग नियमों का उल्लंघन करते हैं, जबकि आम जनता पर सख्त कार्रवाई की जाती है। प्राकृतिक विरासत को नुकसान की आशंका के बाद लोग जिला प्रशासन की संभावित कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं।

### इनका कहना है

लोक निर्माण विभाग शासन की स्वीकृति के बाद ही कार्य कर रहा होगा। मैं इस मामले की जानकारी में लेता हूँ।

**विक्रम सिंह झरिया**
सीएमओ, नगर परिषद
भेड़ाघाट

# जीआरपी, आरपीएफ ने निराश्रितों को रेन बसेरा पहुंचाया



**जबलपुर।** जीआरपी थाना जबलपुर, आरपीएफ एवं नगर निगम स्टाफ के द्वारा 10/12/2025 को रात्रि में रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफार्म पर रहने वाले बुजुर्ग एवं वृद्ध निराश्रित लोगों को जिनके खाने एवं रहने की सुविधा नहीं थी उन्हें जबलपुर के रेन बसेरा में सुरक्षित गाड़ियों से पहुंचाया गया एवं उनके रहने एवं खाने की व्यवस्था की गई।

**In The Court of VIII Civil Judge Class-1,District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: अंकिता शाही**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000120/2024)
गीता दुबे ......................आवेदक
Vs
संध्या दुबे......................अनावेदक
Process Id-/2025
प्रेषिति- पेशी दिनांक :- 24/01/2025
(1) आम जनता पता- जबलपुर मप्र (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीता दुबे पता निवासीः - मनं. 1201/2-बी, पुष्पक नगर आधारताल, जबलपुर ने मृतक महेन्द्र प्रसाद दुबे निवासी गेट नं. 2 रानीताल जबलपुर की शाखा प्रबंधक यूको बैंक शाखा राईट टाउन, जबलपुर में जमाराशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 January 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 03 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
न्यायाधीश
(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।




हाईकोर्ट का राज्य सूचना आयोग का निर्देश

# गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के पदों की संख्या व अन्य जानकारी दो

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सूचना आयोग को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता की अपील पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 60 दिनों की मोहलत दी है।

जबलपुर निवासी रमाकांत मिश्रा की ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सफाई निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ है। याचिकाकर्ता ने विवि के सूचना अधिकारी के समक्ष आरटीआई के तहत आवेदन पेश कर कुछ जानकारी मांगी थी। इसमें विवि के बंटवारे यानी 2009 के बाद गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के विभिन्न श्रेणियों के पदों की संख्या, आरक्षित वर्ग के बैकलॉग पदों की संख्या, विभिन्न संवर्गों की भर्ती और आरक्षण रोस्टर की कॉपी की जानकारी शामिल थी। विश्वविद्यालय द्वारा जानकारी नहीं देने पर प्रथम अपील दायर की गई। अपील निरस्त होने के बाद 24 जनवरी 2025 को राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील प्रस्तुत की थी।

ठोस कचरे की मनमानी डंपिंग का मामला

## मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल व नगर पालिका से रिपोर्ट तलब

**जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण( एनजीटी) ने ठोस कचरे की मनमानी डंपिंग के मामले में मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल व नगर पालिका से रिपोर्ट तलब की है। मामला बैतूल अंतर्गत मुलताई से संबंधित है। याचिकाकर्ता मुलताई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू पाटेकर की ओर से आरोप लगाया गया कि नगर पालिका परिषद बिना किसी अनुमति के राजीव गांधी वार्ड में ठोस कचरे की डंपिंग कर रही है। जांच कमेटी ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में गंभीर पर्यावरणीय अनियमितता पाई है। कचरे का डंपिंग अवैज्ञानिक तरीके से की जा रही है। कोई ड्रेनेज, लीचेएट सिस्टम, फायर सेफ्टी या सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। काफी सारा अपशिष्ट बिना संसाधित पड़ा हुआ है। साइट पर आग लगने के मामले सामने आते रहे हैं। संभवतः मीथेन बनने के कारण ऐसा होता है। एनजीटी ने मामले को गंभीरता से लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांग ली है।

एक लाख 78 हजार से अधिक मामले सुनवाई के लिए नियत

## प्रदेश में नेशनल लोक अदालत के लिए 1416 खंडपीठों का गठन

**साढ़े तीन लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण भी रखे गए**

**जबलपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रदेश स्तरीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कुल 1416 खंडपीठों का गठन किया गया है। हाई कोर्ट की तीनों बेंच में छह खंडपीठों के जरिए सुनवाई होगी। इस बार एक लाख 78 हजार से अधिक मामले सुनवाई के लिए नियत किए गए हैं। इसके साथ ही साढ़े तीन लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण भी रखे गए हैं।

उक्त जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव समुन श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के संरक्षण हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व कार्यपालक अध्यक्ष हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत को गति दी जाएगी। हाई कोर्ट स्तर से लेकर जिला, तहसील, श्रम, कुटुम्ब सहित अन्य न्यायालयों में लंबित दीवानी व आपराधिक शमनीय मामले, बैंक, विद्युत, श्रम जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण हेतु रखे गए हैं। विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों व मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर व जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जाएगी। पक्षकार इसका लाभ उठाकर विवाद का समाधान कर सकते हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज : कुल 7267 मामले परस्पर सहमति से निराकरण के लिए नियत

## जबलपुर, सिहोरा, पाटन में 78 खंडपीठों में होगी सुनवाई

**जबलपुर।** जिला अदालत, जबलपुर व तहसील न्यायालय पाटन व सिहोरा में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कुल 78 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस बार सभी प्रकार के कुल 7267 मामले परस्पर सहमति से निराकरण के लिए नियत किए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि 25 हजार प्रीलिटिगेशन प्रकरण भी सुनवाई के लिए रखे गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन किया जाएगा। विभिन्न न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, हिन्दु विवाह अधिनियम सहित अन्य वैवाहिक मामले, घरेलू हिंसा, विद्युत अधिनियम संबंधी मामलें, बैंक ऋण बकाया वसूली, दूरसंचार विभाग बकाया वसूली नगर पालिका निगम संपत्तिकर, जलकर, उपभोक्ता प्रभार आदि का उभयपक्षों के मध्य आपसी सहमति व समझौता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। नगर पालिका निगम व विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही छूट का लाभ दिया जा रहा है।

वेयरहाउस की रिपोर्ट ठीक-ठाक बनाने मांगी थी घूस

## सर्वेयर कंट्रोलर रिश्वत लेते हुए पकड़ा



**जबलपुर।** लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने सिवनी के मप्र वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन कार्यालय में सहायक गुणवत्ता नियंत्रक (सर्वेयर कंट्रोलर) मुकेश परमार को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि ग्राम नाई पिपरिया स्थित जैन वेयर हाउस में धान खरीदी एवं अन्य अनाज खरीदी की पर्याप्त सुविधाएं न होने की बात कहकर वेयरहाउस संचालक सुरेंद्र जैन से 25 हजार रूपये की रिश्वत मांगी जा रही थी, जिस पर रिश्वत नहीं देने पर ऊपर तक लिखा पढ़ी करने की धमकी भी जा रही थी। बाद में बातचीत के जरिए 15 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। सुरेंद्र जैन ने जबलपुर लोकायुक्त में शिकायत की। शिकायत परीक्षण के दौरान आरोपी की आवाज रिकार्ड की गई। शिकायत का सत्यापन के बाद ट्रेप दल सिवनी भेजा गया। इसके बाद ट्रेप दल ने आरोपी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)बी, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में निरीक्षक सुश्री शशि मर्सकोले ,निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया, एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल था।

## 91 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने ग्राम खैरी में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 91 पाव देशी शराब जब्त की है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरी के पास शराब बेचने की फिराक खड़े ग्राम खैरी करोंदानाला निवासी 23 वर्षीय गुलशन चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 91 पाव देशी शराब जब्त किया है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

रेत कारोबारी हत्याकांड

## नकाबपोश बदमाशों की तलाश तेज

*जबलपुर कटनी मंडला सीमाओं पर पुलिस की दबिश*

**जबलपुर।** खितौला में रेत कारोबारी धर्मेंद्र ठाकुर की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई हत्या के बाद पुलिस की जांच तेजी पकड़ चुकी है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, प्राथमिक जांच और परिजनों–परिचितों के बयान के आधार पर पुलिस ने हमलावरों की पहचान लगभग तय कर ली है। फरार नकाबपोश बदमाशों को पकड़ने के लिए जबलपुर, कटनी और मंडला जिलों की सीमाओं पर देर रात तक दबिश दी गई।

खितौला थाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की दो विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार छापामार कार्रवाई कर रही हैं। एसपी सम्पत उपाध्याय और एएसपी अंजना तिवारी ने जांच अधिकारियों को हमलावरों की तलाश में कोई ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए हैं। दोनों वरिष्ठ अधिकारी हर दो घंटे में टीमों से फीडबैक ले रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, करीब 4 संदिग्धों की भूमिका स्पष्ट हो चुकी है, जिनमें से दो पर सीधे तौर पर फायरिंग में शामिल होने का शक है।

गौरतलब है की गुरुवार दोपहर खितौला थाना क्षेत्र में रेत कारोबारी धर्मेंद्र ठाकुर अपनी बाइक पर जा रहे थे तभी नकाबपोश बदमाशों ने रास्ता रोककर उन पर ताबड़तोड़ फायर झोंक दिया। हमलावरों ने एक के बाद एक तीन गोलियां चलाईं, जिससे धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों से निकल आए। खितौला सहित आसपास के थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया।

### रंजिश की ओर झुक रही जांच

प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश या कारोबारी विवाद की भूमिका हो सकती है। पुलिस इस एंगल पर भी काम कर रही है कि क्या मृतक का किसी गिरोह या प्रतिस्पर्धी समूह से विवाद था। पुलिस सूत्रों का दावा है कि आरोपी मोबाइल बंद कर फरार जरूर हैं, लेकिन वे ज्यादा देर तक छिप नहीं पाएंगे। एक टीम तकनीकी विश्लेषण में लगी है, जबकि दूसरी टीम संदिग्ध गांवों और जंगल क्षेत्रों में दबिश दे रही है। पुलिस को उम्मीद है कि अगले 24–48 घंटे में मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## मंडीदीप–नाहर 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन बिछाने में बाधक निर्माण कार्य पर रोक



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने 132 केवी ट्रांसमिशन मंडीदीप–नाहर लाइन बिछाने के कार्य में बाधक निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में लंबित आवेदन के निराकरण तक भी यह व्यवस्था जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने इस मामले में दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विस रायसेन के डायरेक्टर पुलकित शर्मा व रायसेन कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

रायसेन की नाहर पॉली फिल्म्स को 417.96 करोड़ रुपये की लागत से 5.1 किलोमीटर लंबी सेकंड सर्किट स्ट्रिंगिंग (132 केवी) मंडीदीप–नाहर लाइन बिछाने का कार्य प्रदान किया गया है। यह गौहरगंज तहसील के गाँव सरकिया, सिमरई और इतायकलां से होकर गुजरती है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एनएस रूपराह ने दलील दी कि यह विद्युत लाइन कुछ खुले भू-भागों से गुजर रही है। इसमें दौलतराम इंजीनियरिंग सर्विसेज की भूमि भी शामिल है, जिसके ऊपर लगभग 20 मीटर की ऊँचाई से गुजर रही है। दौलतराम इंजीनियरिंग ने अपने परिसर में कुछ खंभे खड़े करना शुरू कर दिया है, जो उक्त विद्युत लाइनों में बाधा उत्पन्न करेंगे। याचिकाकर्ता ने गौहरगंज में एक सिविल वाद दायर किया है, जोकि लंबित है।

नानी की देखभाल के लिए रुके युवक के साथ वारदात

## मेडीकल में लूट कर भागते बदमाशों को सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मेडीकल में अपनी नानी को देखने गए युवक के गले से दो तोला वजनी सोने की चेन लूटने वाले रात में ही पकड़ लिए गए।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगी हिल्स कालोनी तिलवारा निवासी 26 वर्षीय अभय सिंह गत रात लगभग 9 बजे मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती अपनी नानी श्रीमति अंतराज सिंह की देखरेख के लिए रुका था। वह वार्ड से बाहर निकलकर सतना से आए अपने मामा को लेने नीचे जा रहा था तभी दोनों लड़के उस पर झपट पड़े और एक लड़के ने उसके सोने की चेन खींच ली। जिन्हें सिक्योरिटी गार्ड और अन्य लोगों ने घेराबंदी कर पकड़ा, भागते समय गिरने से लड़कों को चोटें आईं है। दोनों लड़कों की तलाशी लेने पर उसकी टूटी हुई सोने की चैन का एक टुकड़ा एक लड़के की जैकिट में मिला, तथा बाकी चैन का हिस्सा नहीं मिला जो कहीं टूट कर गिर गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी काजी मोहल्ला गढ़ा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद शाहरूख उस्मानी और छोटी बजरिया मुजाबर मोहल्ला गढ़ा निवासी 23 वर्षीय अजहर उसमानी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। अजहर उसमानी की जैकिट में उसकी टूटी चैन का एक हिस्सा मिला था जो उसने पास रख लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 115(1), 296(बी), 309(5), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत छुई खदान सरकारी कालम के पास पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुई खदान निवासी पवन कोल गत रात लगभग 11.30 बजे घर के सामने सरकारी कालम के पास अपने साथी अंकुश कोल तथा प्रिंस कोल के साथ आग ताप रहा था, तभी प्रशांत विश्वकर्मा आया और पुरानी रंजिश पर पवन कोल को जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट में मारने दौड़ा इस बीच पवन घूम गया जिससे पवन के जांघ में चाकू लग गई और वह घायल हो गया। आसपास के लोगों को आता देख प्रशांत वहां से भाग गया। घायल पवन को उसकी बहन श्रीमति दीपा ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 109(1) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बड़े बकायदारों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, बारात घर व शराब दुकानें सील

## राजस्व वसूली में निगम की सख्ती



**जबलपुर।** नगर निगम प्रशासन ने शहर में राजस्व वसूली को लेकर एक बार फिर कड़ी कार्रवाई करते हुए बड़े बकायादारों पर कुर्की, नल कनेक्शन काटने और 12 दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की है। आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर तीनों संभागों में यह संयुक्त अभियान चलाया गया। अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, व्ही.एन. वाजपेई, मनोज श्रीवास्तव और अंजू सिंह ठाकुर ने अपने-अपने संभागीय अधिकारियों के साथ कार्रवाई का नेतृत्व किया। अभियान में राजस्व, जल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी शामिल रही।

### मुख्य कार्रवाई

- जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड (12) में 80 लाख 16 हजार 350 रुपये बकाया होने पर 8 दुकानों में तालाबंदी।
- उसी क्षेत्र में 2 लाख 39 हजार 394 रुपये बकाया पर दूसरी संपत्ति सील।
- वार्ड 15 में 1 लाख 2 हजार 36 रुपये बकाया पर दुकान सील।
- नरसिंह वार्ड (14) में 9 लाख 71 हजार 944 रुपये बकाया पर कुर्की, 2 लाख रुपये मौके पर जमा।
- संभाग 3 में दादाबाबूराव वार्ड (09) में 1 लाख 9 हजार 572 रुपये बकाया पर तालाबंदी।
- संभाग 12 में कुर्की–तालाबंदी के दौरान 1 लाख व 93 हजार रुपये वसूले गए।
- पटेल बारात घर पर 5 लाख 94 हजार 953 रुपये बकाया होने पर सील की कार्रवाई, गंदगी पर चालान।
- मढ़ई व परियट की 2 शराब दुकानों पर लगभग 2 लाख रुपये बकाया; 78,800 रुपये मौके पर जमा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हजार रुपये स्पॉट फाइन।
- केशरवानी दूध डेयरी से 1 लाख रुपये की वसूली, गंदगी पर 50 हजार रुपये स्पॉट फाइन।

### निगम की चेतावनी

- निगमायुक्त अहिरवार ने कहा कि यह कार्रवाई उन लोगों को अंतिम चेतावनी है जो जानबूझकर राजस्व जमा नहीं कर रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि "नियमित टैक्स भरने वालों के साथ न्याय सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है।"
- कार्रवाई के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, स्वास्थ्य अमला और अतिक्रमण दस्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में शहर

## रात में सड़के जल्द होने लगी सूनी, जनजीवन प्रभावित



**जबलपुर।** जम्मू काश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी का असर जबलपुर में महसूस किया जा रहा है। बर्फीली हवायें यहां कड़ाके की ठंड का अहसास करा रही हैं। तापमान में हर रोज गिरावट दर्ज हो रही है। आने वाले दिनों में तापमान और नीचे आने की संभावना है। बर्फीली हवाओं ने समूचे शहर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज कुछ ऐसे ही चलेंगे। बर्फबारी के बाद समूचे प्रदेश में जाड़े का असर बढ़ा है। शीतलहर के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। रात में सड़कें सूनी हो जाती हैं और सुबह अलसाई सी होती है। पिछले दो दिनों से शहर बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में है, जैसे-जैसे रात गहराती है। ठण्ड की वजह से सड़कें जल्दी सूनी हो जाती हैं। मार्केट में व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर घरों को चले जाते हैं। ठंड की वजह से सुबह और शाम का व्यापार चल रहा है। शाम ढलने के बाद व्यापार भी ठप्प हो जाता है। शीतलहर की वजह से सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सुरक्षा संस्थानों में काम करने वालों को भी कड़ाके की ठंड का सामना करते हुये फैक्ट्री जाना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 8.04 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 71 प्रतिशत और सायंकाल 53 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.43 बजे और सूर्यास्त शाम 5.26 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.1 डिग्री तापमान कल्याणपुर शहडोल में दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार लीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना के साथ शीतलहर चलने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.6 और न्यूनतम तापमान 06.02 डिग्री दर्ज किया गया था।

## पश्चिम मध्य रेलवे और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच 11 दिसंबर को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत रेलवे कर्मचारियों को विशेष वेतन पैकेज और उन्नत बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी। एमओयू के अंतर्गत कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, अस्पताल नकद लाभ योजना, होम लोन, पर्सनल लोन, वाहन ऋण पर विशेष सुविधाएं और डेबिट/क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और रिवॉर्ड्स मिलेंगे। कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। यह साझेदारी रेलवे कर्मचारियों के वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240